तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024

11 गणतंत्र दिवस पर विधायक ने क्षेत्र के कई स्थानों में...



12 नगर पालिका में अध्यक्ष राशि ने किया ध्वजारोहण





## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने की सुविधा, दो पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा थाना पुलिस ने शराब पीने की सुविधा दे रहे सहमत लाल पिता नोहर सिंह कमार (40) बोड़रा को उनके घर के पास से एवं कन्हैया यादव पिता श्यामलाल यादव (45) बोड़रा को भी घर के सामने से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### घर से चावल की चोरी करने वाला गिरफ्तार

**महासमुंद।** चावल चोरी करने के मामले में पिथौरा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी दीनानाथ पटेल पिता स्व सत्यानंद (62 साल) ग्राम गड़बेड़ा ने पुलिस को बताया कि उसके घर में रखे 30 किग्रा चावल कीमत 1500 रुपए को लेकर भाग रहे बबलू दास मानिकपुरी पिता मोतीदास को पकड़ा, जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 से अपराध दर्ज कार्रवाई किया है।

### हरनादादर में युवक से मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा अंतर्गत हरनादादर में अज्ञात कारण से युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी राकेश रात्रे पिता उभेलाल रात्रे (22 साल) हरनादादर ने पुलिस को बताया कि उसके साथ गांव के गौठान मड़ई मेला स्थल में कृष्णा बघेल, शेरा देशकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं हाथ में पहने कड़े से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई है। पुलिस ने मामले मे कार्रवाई करते हुए आरोपियों पर धारा 294, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### नशे की हालत में महिला ने किया जहर सेवन, मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम आमगांव में एक महिला ने नशे की हालत में जहर सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि बुधयारिन बाई खड़िया पति स्व उदेराम (58) ने नशे की हालत में अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### बसना पुलिस ने दो लोगों से शराब जब्त किया

**महासमुंद।** अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के प्रयास के चलते बसना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जगतराम बारिक पिता होरी बारिक (46) ग्राम खुसरूपाली को घर के सामने से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखे 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया है एवं राजा दलई पिता रंजन दलई 24 साल निवासी वार्ड नं. 15 बसना से उसके पान के ठेले में रखे 2000 एमएल महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपी पर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बलौदा एवं खल्लारी पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के मामले में बलौदा और खल्लारी पुलिस ने कार्रवाई की है। बलौदा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे बरतराम सिदार पिता उध्दव सिदार (28) माधोपाली थाना सरायपाली को कटंगी नाला के पास ग्राम खोखेपुर के पास से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए के साथ पकड़ा एवं खल्लारी पुलिस ने आंवराडबरी के पंचायत के पास से गोविंद नेताम पिता स्व राजाराम (38) निवासी ग्राम आंवराडबरी को अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर दोनों आरोपी पर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई की है।

# निस्तारी संकट से जूझ रहे विद्यालय के छात्रों को टैंकर से मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

एकलव्य आवासीय विद्यालय के संबंध में पेयजल संकट और नहर का पानी पीने की मजबूरी जैसी समस्या के सामने आने के बाद जानकारी मिली है कि यहां के छात्रों को लिए पेयजल संकट नहीं बल्कि केवल निस्तार संकट के चलते नहर का पानी उपयोग किया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार पेयजल के लिए पिछले कई दिनों से लगातार नगर पंचायत से टैंकर से पानी भी भेजा जा रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार नलकूप से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने की समस्या को देखते हुए एक कुंआ का खनन भी किया जा रहा है।

बता दें कि जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम भोरिंग स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं इन दिनों पेयजल सहित निस्तारी की समस्या से जूझ रहे हैं। यहां पर भू जलस्तर काफी नीचे रहने के कारण सिर्फ दो नलकूप के भरोसे 517 लोगों की निस्तारी चल रही थी। इसमें भी पर्याप्त पानी की निकासी नहीं हो रहीं।

ऐसे में बीते 25 जनवरी को एक बोर का मोटर जल गया। जिससे पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई। जिससे यहां के विद्यार्थियों को नहर के पानी से निस्तारी के लिए विवश होना पड़ा।

## तीन बार भेजा जाएगा पानी, एक कुआं खनन भी जारी

### पानी टैंकर की व्यवस्था

पेयजल व्यवस्था के संदर्भ में विभागीय अफसरों ने बताया कि एकलव्य विद्यालय वर्तमान में दो बोर संचालित है, जिसमे एक खराब हो गया है, एक बोर चालू है। दूसरे बोर भी जल्दी ही चालू हो जाएगा। इसके अलावा तत्कालिक वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर तीन पानी टैंकर की व्यवस्था की गई है। तीनों टैंकर में पर्याप्त पानी उपलब्ध है।




### दो में से एक बोर खराब

एकलव्य आवासीय विद्यालय की प्राचार्य मंदाकिनी पंडा का कहना है कि दरअसल 25 जनवरी की रात 2 बोर में से एक बोर का मोटर खराब हो गया। लेकिन, रात होने के कारण इसे बनाया नहीं जा सका। दूसरे दिन 26 को गण पर्व मनाने के लिए तैयार होने बच्चों को नहर के पानी का सहारा लेना पड़ा। स्कूल परिसर में कुआं खनन का कार्य जारी है। तब तक नगर पंचायत से टैंकर मंगाया जा रहा है।

## खरीदी : धान खरीदी की समाप्ति को अब केवल 3 दिन शेष

# लक्ष्य पूरा करने खरीदना होगा 13 हजार 891 किसानों से 20 लाख क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- शासन द्वारा तारीख नहीं बढ़ाने से किसानों की बढ़ी चिंता

धान खरीदी की समाप्ति को अब केवल तीन दिन शेष है। इस साल खरीफ फसल के धान को तीन दिनों तक और सरकारी दर पर खरीदा जाएगा। जिले में अभी भी 13 हजार 891 ऐसे किसान हैं, जो एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं। जबकि, एक या दो बार बेचने वाले किसानों की संख्या भी हजारों में हैं। लेकिन, अब तक शासन द्वारा धान खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाए जाने से किसान चिंतित हैं। वहीं, बदली-बारिश के चलते तय तारीख को बेचने से वंचित हो चुके किसानों को भी बचे हुए दिनों में भारी मशक्कत करनी पड़ सकती है।



जानकारी के मुताबिक इस साल रोजाना धान खरीदी की लिमिट प्रदेश स्तर पर तय किए जा रहे थे। प्रदेश स्तर पर एक नवंबर से 31 जनवरी तक कार्य दिवस और पंजीकृत रकबा के मुताबिक रोजाना खरीदी की लिमिट तय की गई है। लेकिन, इस साल धान की फसल तैयार होने में देरी तथा विधानसभा चुनाव के अलावा बारिश के चलते कई दिनों की खरीदी प्रभावित रहीं। जिसके चलते नवंबर माह तक सिर्फ 20 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो पाई।

जिसका असर दिसंबर माह की खरीदी पर पड़ा और इस माह भी 32 लाख क्विंटल की ही खरीदी हो सकी। यानी कि दो माह में निर्धारित लक्ष्य का आधे धान की खरीदी नहीं पाई। जिसके चलते जनवरी माह में खरीदी की लिमिट बढ़ाने के बावजूद अब तक एक लाख 44 हजार किसानों से 98 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जबकि, पंजीकृत रकबा के मुताबिक 20 लाख क्विंटल धान और खरीदा जाना है।

### एक लाख 58 हजार किसान पंजीकृत

जिले के पंजीकृत एक लाख 58 हजार 739 किसानों की भूमि का रकबा 2 लाख 28 हजार 614.5506 हेक्टेयर(5,64,676 एकड़) है। कोमाखान में 18 हजार 255, पिथौरा में 32 हजार 863, बसना में 27 हजार 961, बागबाहरा में 15 हजार 666, महासमुंद में 36 हजार 901 एवं सरायपाली तहसील में 27 हजार 93 किसान पंजीकृत हैं। जिसमें एक लाख 44 हजार किसान ही धान बेच पाए हैं।

### ऋण वसूली में 30 करोड़ पीछे

एक ओर जहां किसान इस उम्मीद हैं कि धान खरीदी की तारीख बढ़ेगी। वहीं, दूसरी ओर लिंकिंग के तहत 30 करोड़ रुपए की ऋण वसूली भी शेष है। यह वसूली तभी हो पाएगी, जब सभी पंजीकृत किसानों द्वारा धान बेचा जाएगा। जानकारी के मुताबिक खरीफ सीजन के दौरान कुल 437 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया गया था, जिसमें अब तक 407 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है।

# नवा रायपुर में स्टंटबाजों पर शिकंजा

## 16 बाइकर्स पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

गणतंत्र दिवस के एक दिन पुलिस ने नवा रायपुर में स्टंटबाज बाइकर्स के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए 16 युवकों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। सभी युवक फिल्म धूम की तरह 100 से ज्यादा स्पीड में गाड़ियां चलाते हुए स्टंट कर खुद के साथ दूसरों की जिंदगी भी खतरे में डाल रहे थे। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन पर्यटकों के नवा रायपुर के पर्यटन स्थलों पर पहुंचने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर पुलिस ने वहां अभियान चलाया और स्टंट करने वालों पर शिकंजा कसते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के दिन नवा रायपुर में बड़ी संख्या में बाइकर्स महंगी स्पोर्ट्स बाइक में अलग-अलग ग्रुप बनाकर स्टंटबाजी कर रहे थे। इस दौरान बाइकर्स नवा रायपुर की मुख्य सड़कों से लेकर चौराहों पर भी बाइक तेज रफ्तार से दौड़ा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही मंदिर हसौद और राखी थाना पुलिस की टीम हरकत में आई और घेराबंदी करते हुए 16 बाइकर्स को पकड़ा। हालांकि पुलिस की कार्रवाई के दौरान कुछ बाइकर्स भागने में भी कामयाब हो गए।



### ये बाइकर्स पकड़ाएं

मंदिर हसौद पुलिस ने विमल जोशी निवासी संतोषीनगर, अमित यादव निवासी ग्राम अटारी, संदीप रानाडे निवासी ग्राम गुमा उरला, तरुण मंजारे निवासी छपोरा विधानसभा, धनेश साहू निवासी रामेश्वरनगर भनपुरी, राकेश लोधी निवासी न्यू प्रगतिनगर बिरगांव, खेमराज साहू निवासी संतोषीनगर, अनस ओगरे निवासी ग्राम बनरसी माना कैंप, मोहम्मद रिजवान निवासी ग्राम सेमरिया विधानसभा। इसी तरह राखी थाना पुलिस ने सतनाम चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक, मंत्रालय टर्निंग के आसपास 7 बाइकर्स को स्टंट करते पकड़ा। इनमें कमल बिरवंश निवासी ग्राम अटारी, संजय साहू निवासी ग्राम धनेली धरसींवा, रवि साहू निवासी रामेश्वरनगर भनपुरी, रोहित चौधरी निवासी गाजीनगर बिरगांव, अमित मंडल माना कैंप के साथ दो दो नाबालिग शामिल हैं।

### धारा 279 के तहत अपराध दर्ज

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सचिंद्र कुमार चौबे ने बताया कि गिरफ्तार बाइकर्स के विरुद्ध तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दूसरों की जिंदगी को खतरे में डालने, मौके पर वाहन के कागजात पेश नहीं करने पर धारा 279 एवं मोटर यान अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## गृहमंत्री शर्मा का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**महासमुंद।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा के महासमुंद प्रवास के दौरान शनिवार को नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। महिलांग ने उन्हें चुनाव जीतने के साथ प्रदेश में डिप्टी सीएम और गृहमंत्री बनने पर हर्ष जताया। इस दौरान उन्होंने शहर विकास से जुड़े मुद्दे पर उनसे चर्चा भी की।

# मेडिकल कॉलेज सहित स्वास्थ्य केंद्रों में 600 से ज्यादा पद रिक्त, सुविधाएं भी नाकाफी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों के लिए दो साल से न भवन बनने की शुरुआत हो पाई न रिक्त पद भरे गए। कॉलेज में अभी भी 264 पद खाली हैं। इधर, स्टॉफ की कमी से जिले के स्वास्थ्य केंद्र रेफर सेंटर के रूप में तब्दील हो गए हैं। छोटी-छोटी समस्या को लेकर मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते है। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद पहले से स्टॉफ की कमी से जूझ रहें मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल भेज दिया जाता है। जिला अस्पताल में भी स्टाफ नर्स, वार्डब्वॉय, ड्रेसर, आदि के सैकड़ों पद रिक्त हैं। मेडिकल कॉलेज में ऑडिटोरियम, क्लास रूम, पुस्तकालय आदि के लिए जगह की कमी से जूझना ही पड़ रहा है। साथ ही छात्रों की पढ़ाई में सहयोग करने के लिए स्टॉफ की भी पर्याप्त नियुक्ति नहीं की गई है। मेडिकल कॉलेज में प्रथम श्रेणी के कुल 105 स्वीकृत पद हैं। इसमे 43 भरे हुए हैं। 62 पद अभी भी रिक्त हैं। इसी तरह द्वितीय श्रेणी के 118 पद में 82 पद भरे हुए है और 36 रिक्त हैं। तृतीय श्रेणी के 98 पद स्वीकृत हैं। 9 पद भरे हैं और 89 पव रिक्त है। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी के 78 पद स्वीकृत हैं। इसमें 77 पद खाली पड़े हैं। इसी प्रकार जिले प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कुल 1328 स्वीकृत पद हैं। इसमें 965 संभावना स्टॉफ कार्यरत हैं और 363 पद रिक्त हैं। सबसे ज्यादा स्टॉफ नर्स के 77 पद रिक्त है। इसके अलावा एएनएम के 65 और वार्ड ब्वाय के 38 पद अभी भी खाली पड़े हैं।

### रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने से परेशानी

मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने से सबसे ज्यादा समस्या हो रही है। अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर, आधुनिक मशीनें, अध्ययन के लिए जरूरत के समय नर्सिंग स्टॉफ के नहीं होने से भी प्रायोगिक पढ़ाई पर असर पड़ता है। मेडिकल कॉलेज महासमुंद के नोडल अधिकारी अलख राम वर्मा ने बताया कि छात्रों के अध्ययन में सहयोग करने के लिए स्टॉफ, कक्ष व हॉल आदि की कमी है। इस कारण नए अकादमिक भवन के निर्माण पर ही ज्यादा जोर दिया जा रहा है।

### लंबे समय से मांग, प्रस्ताव पर मंजूरी नहीं

स्वास्थ्य विभाग द्वारा रिक्त पदो पर लंबे समय से भर्ती नहीं की गई है। लेकिन, प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल रहीं। सामुदायिक, प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केंद्रों में स्टॉफ नर्स, वार्ड ब्वॉय और ड्रेसर आदि के पद खाली पड़े हैं। आवश्यक सुविधाएं व स्टॉफ नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को ज्यादा दिक्कत होती है।

## अमृत भारत मिशन के तहत रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प

# पुराने भवनों को तोड़ा जा रहा, बनेगा सुसज्जित प्रतीक्षालय



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधा प्रदान करने के लिए पूर्वी तट रेलवे अंतर्गत चयनित महासमुंद स्टेशनों का कायाकल्प करने के लिए एक साथ कई कार्य किए जा रहे हैं। एक ओर जहां पांच नए शेड के निर्माण का कार्य चल रहा है, तो नए भवन बनाने के लिए पुरानों को तोड़ा जा रहा है। इन पुराने भवनों के स्थान पर सुसज्जित प्रतीक्षालय एवं टिकट विंडो बनाए जाएंगे। इसके अलावा मालधक्का की ओर ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत बनाने नालियों का निर्माण शुरू कर दिया गया है।

अमृत भारत स्टेशन योजना को फरवरी 2023 में लांच किया गया है, इसके अंतर्गत चयनित स्टेशनों को रीडेवलप किया जाना है. इसमें स्टेशनों को आधुनिक बनाना, यात्री सुविधाओं का विस्तार, यात्रियों का मैनेजमेंट और बेहतर साइन सिस्टम बनाया जाना है। इस योजना के अंतर्गत नवंबर 2023 से विकास कार्य शुरू हो चुका है। इस काम को चरणों में पूरा किया जाएगा। काम पूरा होने पर ये स्टेशन मॉडल के रूप में विकसित हो जाएंगे। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और उनका सफर आरामदायक हो जाएगा। इस योजना के तहत यात्रियों को साफ और हायजेनिक वेटिंग एरिया, रेस्टरूम बनाए जाने हैं साथ ही खाने-पीने के अच्छे स्टॉल भी लगाए जाएंगे। यात्रियों और गाड़ियों के आने और जाने के लिए अलग-अलग पॉइंट बनाए जाएंगे। रोड चौड़ी होंगी और पर्याप्त पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे स्टेशनों को बस, टैक्सी और ऑटो रिक्शा स्टैंड से जोड़ा जाएगा।

### मुख्य द्वार के दोनों तरफ से होगी आवाजाही

महासमुंद स्टेशन में प्रस्तावित पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत बिल्डिंग के दोनों तरफ से शहर में सभी सुविधाओं के साथ व्यापक एंट्री का प्रावधान है। प्रस्तावित स्टेशन बिल्डिंग में हेरिटेज महत्व के साथ-साथ स्थानीय कला और संस्कृति का समावेश, भविष्य की संभावित प्रावधान किया जाएगा। ग्रीन स्टेशन देने के लिए स्टेशन के सामने गार्डन बनाया जाएगा। साथ ही वाहनों के लिए समुचित पार्किंग स्थल बनाया जाएगा।

### मंदिर की नहीं होगी शिफ्टिंग

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत महासमुंद स्टेशन का आधुनिक रूप देने के लिए पूर्व में नक्शा बनाया गया था, उसमें मालधक्का में स्थित मंदिर भी जद में आ रहा था, जिसके बाद मंदिर को हटाने के लिए नोटिस भी जारी किया गया था। लेकिन, विरोध को देखते हुए नक्शे में बदलाव किया गया है। नए नक्शे के मुताबिक मंदिर उसी स्थान पर रहेगा और सड़क का निर्माण उसके दोनों ओर किया जाएगा। इससे मंदिर से जुड़े भक्तों में हर्ष व्याप्त है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना अंतर्गत लालपुर में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। पहले पक्ष के प्रीतम यादव पिता गिरवर यादव (19) निवासी वार्ड नं 6 लालपुर ने बताया कि उसके साथ आरोपी देवकुमार ठाकुर पिता पूरन सिंह, वीरसिंग ठाकुर पिता कमल सिंग निवासी लालपुर ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के देवकुमार ठाकुर पिता पूरन सिंह ने प्रीतम यादव पिता गिरवर यादव, पंकज यादव पिता घासीराम एवं अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है कि आरोपियों ने उसके साथ हाथ मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस दोनों मामलों में धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



## गंजपारा में फहराया तिरंगा

महासमुंद। वार्ड नंबर 19 राम टाकीज गंजपारा में रवि सिंह ठाकुर जिला संयोजक युवा कांग्रेस सोशल मीडिया व शहर अध्यक्ष झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया। इसमें दिवेश गिरी गोस्वामी, विमल गोंडाने, राजू यादव, कन्हैया यादव, हेमलाल यादव, निजाम खान, मोहन खान, सतीश भाऊ, अभिषेक यादव, गोपी यादव, सोनू यादव, राहुल सोना आदि उपस्थित रहे।



## खैराभांठा में मनाया गणतंत्र दिवस

महासमुंद। ग्राम खैराभांठा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। सर्वप्रथम भारत माता की पूजा की गई। इस अवसर पर राजेश जैन, मुकेश नामदेव, सतीश साहू, सुभाष वैष्णव, पारस जैन, मानक नामदेव, डॉ एमएल साहू, कुलेश्वर राव, नंदकुमार पद्माकर, शिवेंद्र बघेल अधिवक्ता, डॉ राकेश साहू, मनोज गोस्वामी, शिवा यादव, शेखर राव आदि मौजूद रहे।



## कृविके में गणतंत्र दिवस मनाया

महासमुंद। कृषि विज्ञान केंद्र, भलेसर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम भारत माता की पूजा की गई। तत्पश्चात वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ सतीश कुमार वर्मा की मौजूदगी में भानुप्रताप ध्रुव, नरोत्तम लाल साहू कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। इस शुभ अवसर पर वैज्ञानिक डॉ साकेत दुबे, कुणाल चंद्राकर, रजनी डी आगाशे, रविश केशरी, डॉ नीरझनी नंदेहा एवं कार्यक्रम सहायक पुनीता कार्तिकियन के साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारीगण ख्यालदास वैष्णव, देवलाल साहू, ओंकार साहू आदि उपस्थित थे।



## तुमगांव में फहराया गया तिरंगा झंडा

महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के सभी जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में सभी शासकीय संस्थाओं में व सार्वजनिक स्थानों में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। पूरे नगर में देश भक्ति का माहौल बना रहा। नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीएमओ समेत पार्षदों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया।



## श्याम बालाजी में मनाया गणतंत्र दिवस

महासमुंद। श्याम बालाजी महाविद्यालय तथा श्याम विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हिंदी व अंग्रेजी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। तारा चंद्राकर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर भाषण, कविता, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर ठाकुर, महाविद्यालय के प्राचार्य अंकिता चंद्राकर, प्रधानाचार्य मीना राजपूत, शिक्षकगण अमित लामा, महेश्वरी साहू, उमा दीवान, सीमा ध्रुव, योगिता यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कोमल सिंह ने किया। उक्त जानकारी गीतांजलि यादव ने दी।



## अंबेडकर स्कूल में हुआ झंडोत्तोलन

महासमुंद। गणतंत्र दिवस पर अंबेडकर स्कूल परिसर नयापारा में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, पार्षद मीना वर्मा, हफीज कुरैशी और गणमान्य नागरिकगण सहित शिक्षिका, शिक्षिका और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## मिलिंद को मिला सम्मान

महासमुंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत मिलिंद चंद्राकर द्वारा छत्तीसगढ़ का पहला सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया। इस योजना में अक्षय ऊर्जा को प्रोत्साहित किया गया है। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर महासमुंद में कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर अध्यक्ष राशि महिलांग, महासमुंद कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा मिलिंद चंद्राकर को सम्मानित कर प्रमाण पत्र दिया गया।

# वृद्धाश्रम में मनाया गया गणतंत्र दिवस उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुआ सम्मान भी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

गणतंत्र दिवस पर समाज कल्याण विभाग उपसंचालक संगीता सिंह ने शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित आशियाना वृध्दाश्रम में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को सम्मानित किए जाने के साथ 22 जनवरी को वृध्दाश्रम में कार्यक्रम के दौरान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के रूप में नजर आए बच्चों के अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में वरिष्ठजनों और दिव्यांगजनों ने भी देशभक्ति गीतों में प्रस्तुति दी। इनके द्वारा दिए गए प्रस्तुतियों ने अतिथियों को बांधे रखा। इस दौरान उपसंचालक समाज कल्याण विभाग संगीता सिंह ने कहा कि आशियाना वृध्दाश्रम में स्टाफ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वरिष्ठजनों को अपने घरों और परिजनों से दूर होने के बावजूद उनकी कमी महसूस नहीं होने दी जा रही। बेहतर देखभाल की सराहना करते हुए उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हर्ष जताया। इस दौरान उपसंचालक संगीता सिंह के साथ अमित सक्सेना, अनिल कोसरिया व मोहिनी डहरिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारत माता के रुप में पूर्वा साहू नजर आईं। शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, सचिव उदयकुमार साहू व कोषाध्यक्ष खेमचंद जंजीर ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में दौरान आशियाना से प्रबंधक उषा साहू, कुंजन ठाकुर, नीलम शर्मा, दिव्या ठाकुर, मनीषा बघेल, सानिया पटेल, मीरा राजपूत, यशोदा बाई व घरौंदा अधीक्षक त्रिवेणी हरपाल एवं उनकी टीम दिव्यांगजनों के साथ मौजूद रही।

# पिथौरा में उत्साह के साथ मना गणतंत्र पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा



क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रायः सभी शासकीय एवं निजी संस्थाओं में ध्वजारोहण कर राष्ट्र गीत गायन किया गया। स्थानीय नगर पंचायत एवं सरस्वती शिशु मंदिर में क्षेत्रीय विधायक संपत अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। पिथौरा नगर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया, लिहाजा सभी संस्थाओं में अलग-अलग ध्वजारोहण किया गया। इसमें नगर पंचायत में क्षेत्रीय विधायक संपत अग्रवाल, बस स्टैंड में उमाशंकर पांडे, अग्रसेन भवन में अनूप अग्रवाल, सरस्वती शिशु मंदिर में क्षेत्रीय विधायक संपत अग्रवाल सहित अन्य विभागों में विभाग प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जंघोरा स्थित रामदर्शन पब्लिक स्कूल में इस बार स्कूल के गार्ड राजकुमार से ध्वजारोहण करवाया गया। इस तरह एक गार्ड को मुख्य अतिथि बना कर उक्त स्कूल ने एक बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया। विगत दिनों भारी आवाज के डीजे के साथ हजारों की भीड़ भगवान राम के अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में जुलूस निकाल कर भगवान राम का स्वागत करने उतरी थी। परंतु गणतंत्र दिवस पर प्रशासन द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर निकाले जाने वाली प्रभात फेरी पर पूरी तरह रोक लगा दी गई। इसी वजह से नगर का मुख्य कार्यक्रम खेल मैदान में आयोजित नहीं किया जा सका। प्रभात फेरी में रोक की बात सुन कर आम लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लोगों का मानना है कि जब उच्च ध्वनि में भगवान का जुलूस निकल सकता है तब राष्ट्र प्रेम दर्शाने वाले स्कूली बच्चों पर आखिर रोक क्यों लगाई गई। ज्ञात हो कि कोरोना गाइड लाइन के तहत रोक की बात प्रशासन कर रहा है। परंतु, प्रभात फेरी से दस गुना भीड़ में जुलूस आयोजित करना क्या कोरोना गाइड लाइन के तहत था?

# विधायक ने गणतंत्र दिवस पर फहराया झंडा

बागबाहरा। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने गणतंत्र दिवस के मौके पर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सर्वप्रथम विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान झंडा फहराया। बाद इसके लालपुर के पूर्व माध्यमिक स्कूल पहुंचे। यहां आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान प्रमुख रूप से महेंद्र चंद्राकर, रवि निषाद, लखबीर छाबड़ा, नवनीत सलूजा, हेमिन ठाकुर, दिनेश विशाल, डिगेश्वरी ध्रुव, ज्ञानप्रकाश साहू, नेहरूलाल साहू, लोकेश साहू, शारदा वैष्णव, लक्ष्मीनाथ ध्रुव, मयाराम पांडे, खिलेश्वरी बघेल, ताम्रध्वज बघेल, पुष्पेंद्र चंद्राकर, फुलसिंह ध्रुव, तेजराम चक्रधारी, गैंदराम चक्रधारी, दमयंती दास, सुशीला साहू, दुर्गेश्वरी सिन्हा, गजानंद दीवान, लकेश्वर चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, मोहित कुमार रात्रे, शेखर दीवान, अंकित साहू, नैतिक मधुकर, चंचल बघेल आदि मौजूद रहे।



## ध्वजारोहण कर ली तिरंगे की सलामी

महासमुंद। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित चरौदा में गणतंत्र दिवस पर संस्था के प्रबंधक जयप्रकाश साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे की सलामी ली। इस अवसर प्रभातफेरी में पहुंचे स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, किसान एवं संस्था के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## अजजा शासकीय विकास संघ ने किया ध्वजारोहण

महासमुंद। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा सेवानिवृत हुए जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के सदस्यों के साथ गणतंत्र पर्व पर ध्वजारोहण किया गया।

# देव संस्कृति स्कूल में सेनानियों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएन गुप्ता ने भारत माता की छायाचित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित, पुष्पमाला एवं चंदन तिलक लगाकर किया गया। बाद मुख्य अतिथि ने झंडोत्तोलन किया । कार्यक्रम में अन्य अतिथि ललित मेश्राम, मनहरण लाल साहू, बोधराम साहू, दूषण लाल साहू, राम कुमार साहू, शशि प्रभा थिटे उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पश्चात बच्चों द्वारा भाषण गीत, कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि बीएन गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि 26 जनवरी 1949 को भारतीय संविधान लागू हुआ। आज 26 जनवरी का दिन जिक्र होते हुए हर भारतीय का सीना चौड़ा हो जाता है। देश की क्रांतिकारी वीरों को याद करते हुए कहा कि शहीदों की यादों को हम नहीं भूलेंगे। गोलियों को झेला और फांसी को चूमे।

इस दिन भारत की उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी जाती हैं। देश को आजाद करने में महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, मंगल पांडे, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, सुखदेव, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक जैसे कई क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानियों का अहम योगदान रहा। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। अवसर पर कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), नंदकुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, लोकेश चंद्राकर, जितेंद्र चक्रधारी, ऋषभ साहू, चौलेंद्र भोई, पोखराज ध्रुव, गरिमा साहू, चित्रलेखा साहू, बसंती यादव, योगिता महाकुर, विद्या सिन्हा, अनिता पिल्लई, जय श्रीवास्तव, सुनीता साहू, संजू पारेश्वर, योगिता कन्नौजे, मीनाक्षी पांडे, डिगेश्वरी चक्रधारी, सविता महंती, गौरी साहू, गायत्री साहू, भारती साहू उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी संस्था के शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में समग्र शिक्षा की झांकी की प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा की झांकी ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रथम स्थान अर्जित किया। गणतंत्र दिवस पर इस वर्ष दस विभागों ने झांकियों के माध्यम से अपने विभाग की योजनाओं का प्रदर्शन किया। स्कूल शिक्षा विभाग ने मीता मुखर्जी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद, कमल नारायण चंद्राकर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन एवं बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा के निर्देशन में खेलबो, कुदबो, पढ़बो, लिखबो, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के थीम पर झांकी तैयार की। जीवंत झांकी में चलित वाहन के ऊपर मलखंभ में विविध योग मुद्राओं का प्रदर्शन, आगे सर्व धर्म समभाव को प्रदर्शित करते सभी धर्मों के पोशाक में बच्चे और उनके पीछे सुआ नृत्य करती हुई बालिकाओं ने खूब सराहना बटोरी। प्रथम स्थान आने पर एसके नायर सहायक संचालक, नंदकिशोर सिन्हा सहायक संचालक, अंजलि बरमाल खेल अधिकारी, रेखराज शर्मा डीपीओ साक्षर भारत, संपा बोस एपीसी एवं सभी विभागीय अधिकारियों ने बधाइयां दी। झांकी के प्रदर्शन में आर्ष ज्योति गुरुकुल कोसरंगी के छात्र, शास आशीबाई गोलछा महासमुंद की बालिकाओं, सेजेस अंग्रेजी माध्यम नयापारा महासमुंद के विद्यार्थियों एवं संकुल समन्वयक आशीष साहू, पवन साहू, चंद्रशेखर डोरा, मनोज साहू, सुरेश पटेल, सुरेंद्र चंद्राकर, नीरज साहू, बीआरसी कार्यालय से केशव साहू, भुनेश्वर साहू का विशेष सहयोग रहा। उपरोक्त जानकारी संकुल समन्वयक आशीष कुमार साहू ने दी है।

# रेडक्रॉस कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

महासमुंद। 75वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस भवन में ध्वजारोहण उपसभापति दाऊलाल चंद्राकर एवं सदस्य डॉ आरके परदल तथा जिला संगठक डॉ अशोक गिरि गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर संजय चंद्राकर सदस्य जिला संगठक, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के रेड्क्रॉस अधिकारी श्वेतलाना नागल, कार्यलयीन लिपिक मुरली मनोहर देहारी, तेजलाल देवांगन, वालेंटियर्स दुर्गा डहरिया, दिव्या मौर्य, निकिता मसीह आदि वालेंटियर्स उपस्थित रहे। उप सभापति दाऊलाल चंद्राकर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा



कि गणतंत्र दिवस के दिन हमारा संविधान लागू किया गया। हमें संविधान का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर रेडक्रॉस सदस्य डॉ आरके परदल, जिला संगठक डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, रेडक्रॉस अधिकारी श्वेतलाना नांगल ने भी संबोधित किया। निकिता मसीह वॉलेंटियर ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

# शिशु संस्कार केंद्र में बच्चों ने प्रस्तुत किए समूह गीत, भाषण

महासमुंद। शिशु संस्कार केंद्र उमाशा में गणतंत्र दिवस पर्व बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद जैन, सहसचिव मनोहर महांती व शाला परिवार के प्राचार्य समीर चौधरी, प्रधानाचार्या नैना श्रीवास्तव, संस्कार पब्लिक स्कूल की गुरुप्रीत कौर एवं सभी शिक्षक-शिक्षिका व शाला के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगान डीपी साहू, सुनीता वाणी, रश्मि महंती एवं छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत



कर किया गया। इस अवसर पर नर्सरी के विद्यार्थियों द्वारा समूह गीत एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। संस्कार पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। हाई एवं हायर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता, गीत के माध्यम से देश के 75 वें गणतंत्र दिवस के अमृत उत्सव को यादगार बनाया गया एवं सम्मोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन सुनीता वाणी ने किया। चंद्रकांता ठाकुर एवं समिति सदस्यों द्वारा स्काउट गाइड की छात्राओं को आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास के प्रशिक्षण में पंचमढ़ी गए थे, उन्हें राज्य एवं केंद्र द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया एवं खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। आभार प्रदर्शन अमिताभ शर्मा ने किया।

# खरोरा के शहीद स्मारक में मनाया गया गणतंत्र दिवस, वीर बलिदानों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में गणतंत्र दिवस की संध्या बेला में पूर्व सैनिक सेवा संघ द्वारा बड़े उत्साह के साथ गणतंत्र पर्व समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम अंजना चंद्राकर द्वारा अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन एवं पश्चात राष्ट्रगान गया गया। बिगुल ध्वनि में रीथ परेड द्वारा शहीद स्मारक में भारत माता के वीर शहीदों का नमन एवं पुष्प चक्र से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व सैनिकों के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, कविता, भाषण एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सत्य नायक, सरला सोनी एवं डॉ खिलेश्वरी चंद्राकर द्वारा देशभक्ति गीत गाकर भारत देश को नमन किया गया।

26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था, यह वह दिन था जिस दिन भारत लोकतांत्रिक गणराज्य बना। शहीद स्मारक में खरोरा सरपंच सुनीता चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य, किरण पटेल, सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार चंद्राकर के विशेष आतिथ्य



में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सैनिक सेवा संघ के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर द्वारा शहीद स्मारक निर्माण, विकास एवं आगामी अपेक्षाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। पूर्व सैनिक प्रदीप चंद्राकर (नेवी) ने अपनी कविता द्वारा भारत मां की तुलना जन्मदात्री मां से कर सर्वोच्च आदरणीय एवं प्रेममयी से परिपूर्ण बताया गया। पूर्व सैनिक कन्हैया लाल सोनी द्वारा अपने कार्यकाल में अमृतसर के ऑपरेशन ब्लू स्टार एवं कारगिल युद्ध की घटनाओं का वर्णन किया गया। सुनीता चंद्राकर ने अपने उद्बोधन द्वारा गणतंत्र का अर्थ एवं युवाओं को उनके कर्तव्यों को याद दिलाया गया। इस समारोह में सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन के सदस्यों द्वारा पूर्व सैनिकों को उनके किए गए कार्यों के लिए मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में पूर्व सैनिक सेवा संघ से पूर्व सैनिक प्रदीप चंद्राकर (जूनियर), कनक राम निषाद, सहदेव ध्रुव, रविंद्र नायक, प्रदीप चंद्राकर (सीनियर), मानिक राम साहू, मायाराम साहू, नारायण चंद्राकर, आरपी साहू, वाणी, शेषनारायण साहू, अरविंद साहू, पीला राम साहू, लक्ष्मी चंद घृतलहरे, पीएन दीवान, सनत कुमार वर्मा, श्यामलाल दीवान, गोपेंद्र मुंडा, नंद किशोर सिन्हा, जेपी साहू एवं पूर्व सैनिक संगठन के परिवार संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# प्रतिभा पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

सरायपाली। स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुस्ताक हुसैन रहे। नियत समय पर 7 बजे उनका आगमन स्कूल परिसर में हुआ। उनके स्वागत के लिए प्राचार्य नरहरि पटनायक एवं खेल अधिकारी संजय कर पूर्व से उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि को ससम्मान स्काउट गाइड द्वारा मार्च पास्ट करते हुए शाला प्रांगण तक लाया गया। जहां पर सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय झंडा तिरंगा फहराया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने तिरंगा को सलामी देने के पश्चात राष्ट्रगान गाया। भारत माता एवं बलिदानी शहीदों के नारों से गूंजायमान रहा। मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं उपस्थित सभी अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा वंदन किया। पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर शाला नयिका उन्नति अग्रवाल ने किया। मंच पर मुख्य अतिथि के साथ प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर प्रमुख अवधेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, शाला संचालक डॉ आभास अग्रवाल, आईटीआई के प्राचार्य विजय प्रधान, बीएड के प्राचार्य राजेंद्र चौधरी उपस्थित थे। शाला के विद्यार्थियों, डीएलएड एवं आईटीआई के विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रवाद से परिपूर्ण मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन उप प्राचार्य नासिर खान एवं शिक्षक गणेश सामल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में विशेष रूप से सभी बस चालकों एवं बस मालिकों का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा श्रीफल भेंट कर की गई। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ किया गया। जिसका प्रबंधक हामिद खान द्वारा किया गया था।

## गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में ध्वजारोहण

महासमुंद। 75वे गणतंत्र दिवस पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशन पारा एवं शासकीय प्राथमिक शाला स्टेशन पारा के संयुक्त तत्वावधान में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड के पार्षद राजेंद्र चंद्राकर रहे। पश्चात शाला के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बच्चों द्वारा जयघोष एवं देश भक्ति गीत गाया गया। प्रभात फेरी के पश्चात कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शाला के बच्चों द्वारा देश भक्ति एवं विभिन्न छत्तीसगढ़ी गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरदयाल बाघ एवं आभार प्रदर्शन शाला के प्रधानपाठक सुशील शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीराम यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक डेरेश्वरी शर्मा, नीलिमा गुप्ता, विनीता चंद्राकर, गीता गोहिया, शाहीन मुमताज़ खान, हेमलता मिंज, यास्मीन खान, फुलेश्वरी दीवान, जनक ध्रुव, प्रीतम ध्रुव, हरदयाल बाघ, जितेंद्र दीवान उपस्थित थे। उक्त जानकारी शाला के शिक्षक खगेंद्र तारक ने दी।

# भाजपा अध्यक्ष रूपकुमारी ने किया जिला कार्यालय में ध्वजारोहण



महासमुंद। भाजपा जिला कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने ध्वजारोहण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी ने कहा कि आज के दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ। जिससे सभी को संवैधानिक रूप से हर क्षेत्र में न्याय संगत कार्य का अधिकार प्राप्त हुआ। चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि आज देश अपने संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। हम सभी अपने मौलिक अधिकारों को संविधान के दायरे में रखते हुए देश प्रदेश में रामराज्य और सुशासन की स्थापना के लिए समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेत्री ललिता अग्रवाल, सुधा साहू, भाजपा पदाधिकारी ओम प्रकाश चौधरी, गणेश नायक, शंकर चंद्राकर, पार्षद संदीप घोष, नारेंद्र गिरी, एमआर विश्वनाथन, दिनेश रूपरेला, हिमांशु चंद्राकर, मधु यादव, रेखा देवार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**महासमुंद।** नगर के टाऊन हाल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर सादर नमन किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद पवन पटेल, पार्षद संदीप घोष सहित युवागण उपस्थित रहे।

### खैरा में मड़ई मेला कल

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खैरा में 30 जनवरी मंगलवार को शाम 4 बजे से मड़ई मेला एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, विशेष अतिथि जनपद पंचायत सभापति सरिता राकेश चंद्राकर, सरपंच नीलम रेवा राम कोसरे, उपसरपंच नीलम लीलाधर विश्वकर्मा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, पूर्व सरपंच आशाराम साहू, वैद्यराज बृजलाल यादव, जनपद पंचायत कृषि विभाग सभापति दिग्विजय साहू, गौकरण साहू, ललित चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, सीताराम चंद्राकर, फागू विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर शांतिपूर्ण मड़ई मेला का आनंद उठाने की अपील की है।



### लाला लाजपत राय की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जीवनपर्यंत विरोध के स्वर मुखर करने वाले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, ममता चंद्राकर, माधुरी चंद्राकर, देवकी चंद्राकर, सुखिया धीवर, ज्योति चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### बेलसोंडा में प्राण प्रतिष्ठा पर विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के लोकार्पण तथा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मानस भवन चौक में ग्राम पुरोहित सूर्यकांत तिवारी द्वारा राम की पूजा अर्चना कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात 11 से 2 बजे तक राम दूत मानस परिवार, कौशल्या माता मानस परिवार द्वारा रामायण एवं राम भजन का आयोजन किया गया।



### रामसागरपारा स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम शिक्षक, स्कूली बच्चों और गणमान्य लोगों ने एक साथ मिलकर भारत माता की जय, गणतंत्र दिवस अमर रहे, महात्मा गांधी की जय, सुभाष चंद्र बोस की जय आदि नारों के साथ गली भ्रमण किए एवं सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति सदस्य, देशभक्त खिलेश्वर ठाकुर, युवा व महिलाएं आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कोमल सिंह दीवान ने किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर संस्कृति संस्कारों की पाठशाला : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- सरस्वती शिशु मंदिर कोमाखान के वार्षिकोत्सव में शामिल हुई महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष



सरस्वती शिशु मंदिर कोमाखान में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर तालियां बटोरीं। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू मौजूद रहीं। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्थानीय संस्कृति व अपनी प्रतिभा को मंच पर समस्त अतिथियों, पालकगण एवं ग्रामीणजनों को दिखाया। मंचासीन मुख्य अतिथि सहित विभिन्न अतिथियों, प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन तालियों के साथ किया गया। सुधा साहू ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर अनुशासन एवं संस्कृति के संरक्षक के रूप में जाने जाते हैं। जीवन में अनुशासन अति आवश्यक है, जिसे बच्चों में प्रारंभिक दौर से ही होना चाहिए और सदैव अपने लक्ष्य को याद करते हुए उसे प्राप्त करने के लिए भरपूर प्रयास करना चाहिए। साहू ने आगे कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर हमारी धार्मिक संस्कृति, संस्कारों की पाठ शाला है। जहां देशभक्ति की शिक्षा दी जाती है। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य और आचार्यगण मेहनत कर विद्यालय के भैया बहनों को शिक्षित और संस्कारित करते है। साहू ने पालकों को बताया कि आचार्यगण वेतन के लिए नही, बल्कि आप के बच्चों को शिक्षित और संस्कारित करने के लिए काम करते है। ताकि, आपका बच्चा आगे अपने जीवन में ऊंचाईयों को छुएं। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर प्रकल्प कसेकेरा के प्राचार्य वीरेंद्र साहू, ज्वाला सेवा समिति कोमाखान के सचिव अजय अग्रवाल, सरपंच प्रतिनिधि आशीष वाकड़े, उमा सोनी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा कोमाखान, प्राचार्य उषा ठाकुर सहित विद्यालयीन स्टाफ, पालकगण व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नगर पालिका में अध्यक्ष राशि ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- संविधान निर्माता के साथ ही देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों को किया नमन



75वां गणतंत्र दिवस नगर पालिका कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पार्षदों, सीएमओ, अधिकारी-कर्मचारियों और नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर और देश की आजादी के लिए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों का याद कर उन्हें नमन किया। इससे पूर्व उन्होंने पार्षदों के साथ शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं में माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, सीएमओ टॉमसन रात्रे, पार्षद मीना वर्मा, डमरूधर मांझी, मनीष शर्मा, बड़े मुन्ना देवार, रिंकू चंद्राकर, राजेश नेताम, राहुल चंद्राकर, महेंद्र जैन, महिला नेत्री सुधा साहू, सब इंजीनियर दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, राजस्व प्रभारी अनीश ठाकुर, इंदर ठाकुर समेत बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी और शहर के गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।



### परसुली में मनाया गणतंत्र दिवस

**नर्रा।** कृषक सेवा सहकारी समिति परसुली परिसर में 75 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान समाज सेवी एवं पूर्व आयोग के सदस्य लोचन पटेल ने भारत माता की पूजन अर्चन कर ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान समिति प्रभारी तेजलाल साहू, राजेश पटेल, कोमल मांझी, नीलकंठ पटेल, गणेश्वर यादव, सरपंच प्रतिनिधि आनंद चक्रधारी, उपसरपंच भोज चक्रधारी, हुमन पांडे सहित किसान उपस्थित रहे।

### कुम्हारापारा स्कूल में पवन ने किया ध्वजारोहण

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल कुम्हार पारा में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नपाध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद पवन पटेल ने तिरंगा झंडा फहराया और सलामी दी। पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश के संविधान निर्माताओं व राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाले सभी महापुरुषों को सादर नमन किया। साथ ही भारत माता के छायाचित्र में माल्यर्पण कर पूजा अर्चना किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षकगण सहित छात्र छात्राएं एवं पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा



अंचल में 75वें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी शासकीय, अशासकीय सहित शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा ग्रामीण अंचल के गांवों में चौक चौराहे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत भवन नर्रा एवं शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में सरपंच गोपाल किशन पटेल के हाथों में ध्वजारोहण किया गया। वहीं कृषक सेवा सहकारी समिति नर्रा में जनपद सदस्य नामेश्वरी दीवान ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत भवन बिंद्रावन में सरपंच लुभेश्वर पांडे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी तरह ग्राम पंचायत भवन उखरा में सरपंच पमेला ईश्वर ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत पतेरापाली स सरपंच भारत ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत भवन झिटकी में सरपंच पुनऊराम ध्रुव, ग्राम पंचायत भवन राटापाली में सरपंच उत्तर कुमार ध्रुव, ग्राम पंचायत पंडरीपानी में सरपंच लता कुम्हार, ग्राम पंचायत परकोम में सरपंच चिंतामणि चंद्राकर, कृषक सेवा सहकारी समिति परसुली में लोचन पटेल, ग्राम पंचायत भवन परसुली में सरपंच मोतिन चक्रधारी एवं ग्राम पंचायत भवन खट्टी में सरपंच मीना पटेल ने ध्वजारोहण किया।



### नर्रा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**नर्रा।** शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में 75वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सरपंच गोपाल किशन पटेल के हाथों शाला में ध्वजोराहण किया गया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, बीजेपी महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लेखमनी पटेल, पूर्व अध्यक्ष विजय शंकर निगम, विधायक प्रतिनिधि उमेश जैन, राजेंद्र गुप्ता, दिलीप गुप्ता, दुकालुराम पटेल, वार्ड के पंच रूपेंद्र साहू, मनहरण साहू, प्रभारी प्राचार्य पन्नालाल साहू, प्रभारी प्रधान पाठिका रेणु साहू सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### 1 अप्रैल को उत्कल दिवस मनाने का लिया निर्णय

**महासमुंद।** उत्कल गांडा समाज शहर ईकाई की दूसरी बैठक शंकराचार्य भवन में हुई। बैठक में बड़ी संख्या में बुजुर्ग व युवाओं ने गांड़ा समाज से जुड़कर समाज के संगठन को मजबूती देने आगे आए। बैठक में उत्कल गांड़ा समाज के पंजीयन करवाने व आगामी 1 अप्रैल को उत्कल दिवस को भव्य रूप से मनाने पर चर्चा की गई। उपस्थित समाज के सभी सदस्यों ने उत्कल दिवस को मनाने ऐतिहासीक रूप से मनाने के लिए तन मन धन से सहयोग करने की बात कहीं। इसके लिए उत्कल गांडा समाज द्वारा वार्ड के उत्कल बस्तियों में जाकर बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद बबलू हरपाल, पूर्व पार्षद सोनाधर सोनवानी, पार्थेबो बाघ, किनारी नायक, मोहतो जगत, दीपक नायक, सुरज नायक, संतु महानंद, सुनील नायक, जगन्नाथ छुरा, दशरथ महानंद, विक्की महानंद, सुदर्शन कुमार, दारासिंग छत्री, राजू कुलदीप, मनोज कुलदीप, दामोदर सोना, परखीत हरपाल, घनश्याम नायक, कन्हैया नायक,तरूण कुमार, रिंकु महानंद, लखन विभार, राहुल कुमार, आशीष सिक्का, अंशुल भारती, डोमार तांडी, संदेश बघेल, कृष्णा तांडी, ललित महानंद, प्रफुल्ल सोनवानी, संतोष बघेल, कस्तुब नायक, दिनेश कांकरीया, पूनम बघेल, शंकर पांडे, विजय प्रधान, प्रकाश तांडी, मोहन कुमार, हलधर महानंद, अजय कुमार, महेश बघेल, चिंता नेताम, अर्जुन बघेल, कृष्णा तांडी, संदेश बघेल आदि उपस्थित रहे।

# धामनतोरी में शाकंभरी जयंती व मड़ई मेला का हुआ आयोजन



**नर्रा।** ग्राम धामनतोरी में शाकंभरी जयंती एवं मड़ई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाजे गाजे के साथ भव्य कलश व शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया। तत्पश्चात समाज के आराध्य देवी मां शाकंभरी देवी की पूजन अर्चन व आरती की गई। इस कार्य के मुख्य अतिथि के रूप में ललित पटेल अध्यक्ष बारापाली एवं मरार महासंघ जिला अध्यक्ष थे। विशेष अतिथि में ईश्वरी प्रसाद पटेल उपाध्यक्ष, पंचराम दीवान उपसरपंच दाबपाली, ग्राम प्रमुख रामलाल नायक, मोहन दुबे, चिंताराम पटेल, सुंदर पटेल आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता शिक्षा और समाज को संगठित होकर आपसी प्रेम भाव के साथ सामाजिक सद्भावना को बनाए जरूरी है। तत्पश्चात ग्रामीणों द्वारा मड़ई निकाल कर मेला का आयोजन किया गया। मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी मोंगरापाली का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के नागरिक युगल किशोर, नरेश, विशंभर, राधेश्याम, लोकनाथ सहित ग्रामीणजन मेले और कार्यक्रम आनंद लिया।



### डीजे डांस प्रतियोगिता में शरीक हुए निखिल

**महासमुंद।** विधानसभा महासमुंद अंतर्गत ग्राम शेर व खट्टी में छेरछेरा पर्व पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि नपा सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस दौरान वैभव मिश्रा, दामू साहू, कान्हा प्रधान व आयोजन समिति के सदस्यों व समूह की माताओं, बहनों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर साहू का स्वागत किया गया। सभापति साहू ने इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों को छेरछेरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डांस प्रस्तुति के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र के डांस कलाकार इनाम अपने नाम करते हैं, ऐसे हुनरमंद कलाकार हमारे क्षेत्र में विद्यमान है। छत्तीसगढ़ी गीत, रीमिक्स सांग, हिंदी गीत जैसे अनेक विधाओं में अपने कला को दिखाकर नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने ग्रामीण युवाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना कर कहा कि क्षेत्र के प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने का अच्छा प्रयास है। उन्होंने सभी को निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मतदान जागरुकता के लिए जिला आइकॉन से सम्मानित हुए स्वयं सेवक प्रकाश मणि

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिला पंचायत के सभागार में जिला स्तरीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता एसपी राजेश कुकरेजा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वनमंडल अधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उपजिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू थे।

कार्यक्रम में महासमुंद जिले के विभिन्न महाविद्यालय के रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी एवं कैंपस एंबेसेडर स्वयंसेवक उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। मतदाता जागरुकता के लिए महासमुंद जिला आइकॉन के रूप में प्रकाशमणि साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक रासेयो पुरुष इकाई को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से मंचस्थ अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी को स्वीप नोडल कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रियांशु तिवारी व सोनिया साहू को कैंपस एंबेसेडर के लिए प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इस समारोह द्वारा 17-18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले लोगों में पंजीयन के लिए जागरुकता पैदा करना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मलिक ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां लोग स्वयं अपनी सरकार चुनते हैं। निर्वाचन से जुड़े लगभग 54 कर्मचारी को सम्मानित किया गया। नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने हर्ष जताया है।

### मुख्य समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में आत्मानंद स्कूल को मिला प्रथम स्थान

**महासमुंद।** गणतंत्र दिवस का जिला मुख्यालय के मुख्य समारोह मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल नयापारा की प्रस्तुति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था के शिक्षक नेहा दुबे एवं आकांक्षा भोई द्वारा निर्देर्शित डांस ने जमकर तालियां बटोरी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी, सहायक संचालक सतीश नायर, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, डीएमसी, कमल नारायण चंद्राकर, संस्था के प्राचार्य अमी रूफस, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, प्रमोद कुमार कन्नौजे, विखं शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, एबीईओ गजेंद्र ध्रुव, हीना ढालेन, तारिका कुंजाम, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, तोषण गिरि गोस्वामी, संकुल प्राचार्य धरम सिंह महानंद, संकुल समन्वयक रशीद कुरैशी ने हर्ष जताया। कार्यक्रम में जीआर टांडेकर, कीर्ति थवाईत, रूपा पांडेय, प्रियंका पीटर, विकास यादव, दिव्येश वाणी, रंजीत सिंह आकांक्षा जैन, नेहा सिंह, ऋतुराज देवांगन, तृषा शर्मा, मनीषा कन्नौजे, हीरालाल आदि ने हर्ष जताया है।



### उत्कृष्ट कार्य के लिए गोस्वामी का सम्मान

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विधानसभा निर्वाचन में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता विमल मन्नाडे, विवेक रहटगांवकर, संजय मांझी, गैंदराम साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, खेमलता कंवर, पूजा साहू, खोमन चंद्राकर, चंद्रशेखर मिथलेश, आशीष देवांगन, गायत्री साहू, नोबल ध्रुव, बेला मारू सहित समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया।

# मेरी स्मारक खोज चित्रकला व निबंध स्पर्धा में 45 विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक नई दिल्ली की विरासत शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग के मार्गदर्शन में इंटैक महासमुंद अध्याय द्वारा मेरी स्मारक खोज विषय पर आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी शनिवार को स्थानीय भलेसर रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में किया गया। इसमें स्थानीय 6 विद्यालयों के 45 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी चित्रकला की प्रतिभा को केनवास पर उतारा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गज़लकार अशोक शर्मा ने कहा कि गांव के ये हमारे बच्चे बहुत प्रतिभाशाली हैं। यह अलग बात है कि कुछ मौकों पर यदि हम उनकी प्रतिभा को नहीं पहचान पाते हैं तो ये हमारी कमजोरी है। ये बच्चे प्रतिस्पर्धा में सफल होते हैं तो उनसे ज्यादा हमें खुशी होती है। इंटैक ने इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को उनकी चित्रकला प्रतिभा को उभारने के लिए उन्हे राष्ट्रीय स्तर का अवसर व मंच उपलब्ध कराया है, जो काफी सराहनीय है। उन्होंने अपनी भावनाओं को

शायराना अंदाज में इस पंक्तियों में व्यक्त भी किया-हमारे पास ही था वो मगर हम जान न पाए, वो अपना था मगर अपना उसे हम मान न पाए, पराये आसमां में वो चमकता चांद है अपना, हमारे गांव के लड़के को हम पहचान न पाए। संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि महासमुंद जिला मूर्त-अमूर्त विरासतों से भरा पूरा है। इंटैक का यह आयोजन इन्हीं विरासतों के प्रति बच्चों में जागरुकता लाने का सार्थक प्रयास है। विशेष अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या राजश्री ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका कृष्णा चंद्राकर, गीतांजलि यादव श्याम विद्या उमावि, एम रजनी राव व ज्योति ध्रुव वृंदावन विद्यालय, संदीप शर्मा महर्षि विद्यालय, प्रियंका ध्रुव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, लोकेश चंद्राकर देव संस्कृति विद्यालय, मोनल साहू सरस्वती शिशु मंदिर उमावि मार्गदर्शी शिक्षक शिक्षिका के रूप में उपस्थित रहे। संचालन टेकराम सेन व्याख्याता डाइट ने किया। आभार व्यक्त करते हुए सह-संयोजक राजेश्वर खरे ने कहा कि यह एक अच्छा संयोग है। आज इंटैक के 40वें स्थापना दिवस पर हमारे आसपास के स्मारकों को लेकर इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संयोजक सरायपाली यशवंत चौधरी व आजीवन सदस्य मानक नामदेव का सराहनीय सहयोग रहा। निबंध व पोस्टर मूल्यांकन के लिए इंटैक मुख्यालय नई दिल्ली भेजे जाएंगे।

